
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDJK1 User: cci Time: 02-21-2026 22:00 Color:



बनें बाइक रैली का हिस्सा
**8 मार्च 2026**
**रविवार**

संडे नवभा…




# जिनके हाथ में है चाबी अपनी लाइफ की

## उनके लिए फिर आई ऑल वुमन बाइक रैली

**तिरे माथे पे ये आंचल बहुत ही ख़ूब है लेकिन**
**तू इस आंचल से इक परचम बना लेती तो अच्छा था**

*-असरार उल हक मजाज*

**एनबीटी की ऑल वुमन बाइक रैली एक बार फिर हाजिर है, हिम्मत, आजादी और अपने फैसलों की कमान खुद थामने के ऐलान के साथ। 8 मार्च 2026 को जब हजारों महिलाएं सड़कों पर उतरेंगी तो उनके हाथों में सिर्फ बाइक का हैंडल नहीं होगा, उनके हाथों में अपनी जिंदगी की चाबी होगी। क्या आप तैयार हैं?**

**क्योंकि** औरतों की फितरत में रुकना कभी था ही नहीं। उन्होंने हमेशा चलते रहने को चुना है। कभी पैदल, कभी साइकल पर और आज पूरे आत्मविश्वास के साथ बाइक और स्कूटी पर। सिर पर आंचल हो या हाथों में हेलमेट, औरतों ने हर दौर में अपनी पहचान को सिर्फ सजाया नहीं, उसे झंडे की तरह उठाया भी है। निर्भया कांड के बाद जब देश में यह सवाल गूंज रहा था कि क्या महिलाएं सुरक्षित और बेखौफ होकर सार्वजनिक जगहों पर निकल सकती हैं, तब नवभारत टाइम्स की ऑल-वुमन बाइक रैली एक उम्मीद बनकर सामने आई। यह सिर्फ एक आयोजन नहीं था, यह उस सोच के खिलाफ खड़ा होना था जो औरतों को डर, संकोच और सीमाओं में बांधती रही है।

पिछले बारह सालों में यह रैली एक पहल से आंदोलन बन चुकी है। हर साल हजारों महिलाएं सड़कों पर उतरीं और यह साबित किया कि हौसला किसी इजाजत का इंतजार नहीं करता। इस साल, NBT की ऑल-वुमन बाइक रैली अपने 12वें माइलस्टोन एडिशन में एक नई थीम के साथ आगे बढ़ रही है - Driving Forces of the Nation

यह रैली उन महिलाओं को सलाम है जो सचमुच दिल्ली को चलाती हैं। जो बस की स्टेयरिंग थामे लाखों लोगों को मंजिल तक पहुंचाती हैं, जो ऑटो चलाते हुए अपनी आजादी और आत्मनिर्भरता गढ़ती हैं, जो पायलट बनकर आसमान से शहर को दिशा देती हैं और जो ट्रांसपोर्ट की दुनिया में हर दिन नई मिसाल कायम करती हैं। ये महिलाएं सिर्फ वाहन नहीं चलातीं, ये सोच को आगे बढ़ाती हैं। ये बताती हैं कि सड़कें भी उनकी हैं और फैसले भी। NBT की ऑल-वुमन बाइक रैली हमेशा से महिलाओं की शक्ति का उत्सव रही है। पिछले सालों में इस मंच पर देश के शीर्ष नेतृत्व और जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी ने इस आंदोलन को मजबूती दी है, लेकिन इसकी असली पहचान बनी हैं वे आम महिलाएं, जिनकी हिम्मत असाधारण है।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को नवभारत टाइम्स की ओर से आयोजित ऑल-वुमन बाइक रैली में भाग लेने वाली आप सभी महिलाओं को मेरा स्नेह और शुभकामनाएं। इस वर्ष की थीम "**Driving Forces Of The Nation**" उन महिलाओं को समर्पित है, जो हर दिन अपने देश और दिल्ली को गति देती हैं। आपकी सहभागिता इस आंदोलन को और मजबूत करेगी और दिल्ली को सुरक्षित और संवेदनशील बनाएगी। तो आइए, 8 मार्च को रैली में हिस्सा लेकर यह साबित करें कि महिलाएं इस देश की असली **Driving Force** हैं।

*रेखा गुप्ता,*
*दिल्ली की मुख्यमंत्री*



मेरा मानना है कि हर महिला को बाइक, स्कूटी या कार—जो भी वह चलाना चाहे—उसे चलाना जरूर सीखना चाहिए। इससे आत्मनिर्भरता आती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। जब महिलाएं खुद ड्राइव करती हैं तो उन्हें किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इसी सोच के साथ मैं 8 मार्च को होने वाली एनबीटी ऑल वुमन बाइक रैली में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेने के लिए तैयार हूं। *- सिमरन*



मैं पिछले कई सालों से एनबीटी बाइक रैली में हिस्सा ले रही हूं और हर बार का अनुभव खास रहा है। इस साल भी मैं रैली में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हूं। यह मंच हमें अपनी ताकत दिखाने और सुरक्षित राइड्स के संदेश को आगे बढ़ाने का मौका देता है। *- गुरलीन*

## 2026 में बाइक रैली एक कदम आगे

हर साल की तरह इस बार भी रैली में आने वाली महिलाओं के साथ होगा उनका परिवार, दोस्त और पूरी कम्युनिटी। जब सैकड़ों बाइकें और स्कूटियां सड़क पर उतरेंगी, जब हेलमेट के पीछे मुस्कान होगी और आंखों में भरोसा, तब दिल्ली सिर्फ चलेगी नहीं आगे बढ़ेगी। **NBT** की ऑल-वुमन बाइक रैली एक बार फिर याद दिलाएगी, जो शहर को चलाती हैं, अब वही उसकी दिशा तय करेंगी।

## शेयर करें अपनी कहानी

अगर आप भी संघर्षों से लड़कर जीतने वाली प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं या दूसरों को सशक्त बनाने में आपने मदद की है तो आप भी हैं ड्राइविंग फोर्स ऑफ द नेशन। इस ऑल वुमन बाइक रैली के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और हमें अपनी कहानी 300 शब्दों में लिखकर **nbtreader@timesofindia.com** भेजें। साथ ही अपनी एक फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में लिखें **Bike Rally**. सबसे प्रेरणादायक कहानियों को हम नवभारत टाइम्स में प्रकाशित करेंगे।

**तो ऑल वुमन बाइक रैली के लिए करवाओ रजिस्ट्रेशन और दुनिया को दिखा दो अपनी ताकत।**

**जगह**
ए ब्लॉक पार्किंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली

**तारीख**
8 मार्च 2026, रविवार

**ऐसे बनें हिस्सा**
हिस्सा लेने के लिए 7003890071 पर **AWBR** लिखकर **Whatsapp** करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTND9 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-21-2026 20:48 Color:




भारत सरकार

Government of the National Capital Territory of Delhi



# दिल्ली–NCR के करोड़ों लोगों के लिए बहुत बड़ा उपहार

## ₹12,930 करोड़ की परिवहन परियोजनाओं से होगा जीवन आसान

## श्री नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री
के कर कमलों द्वारा

## भारत के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS)

के सराय काले खाँ से न्यू अशोक नगर (5 किमी) और मेरठ साउथ से मोदीपुरम (21 किमी) खंड के उद्घाटन के साथ

## दिल्ली–मेरठ नमो भारत के सम्पूर्ण कॉरिडोर

का राष्ट्र को समर्पण




### नमो भारत RRTS की मुख्य विशेषताएँ

- अब दिल्ली से मेरठ केवल 59 मिनट में जाना होगा संभव; पहले लगते थे 2–3 घंटे
- सराय काले खां से गाजियाबाद केवल 21 मिनट में
- दिल्ली से तेज गति से जुड़ेंगे साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर तथा मेरठ के बेगमपुल और मोदीपुरम जैसे शहरी केंद्र
- 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति
- हर 10 मिनट पर 6–कोच की ट्रेन उपलब्ध

और

## मेरठ मेट्रो

मेरठ साउथ से मोदीपुरम (21 किमी)
का उद्घाटन

### मेरठ मेट्रो की मुख्य विशेषताएँ

- केवल 30 मिनट में पूरा होगा मेरठ साउथ से मोदीपुरम का 21 किमी का सफर
- 135 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति : मेरठ में मेट्रो के 12 स्टेशन
- हर 10 मिनट पर 3–कोच की ट्रेन




- देश में पहली बार एकीकृत इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण: मेरठ में नमो भारत सेमी हाई स्पीड रीजनल रेल के साथ मेट्रो का भी संचालन
- शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास के बढ़ेंगे अवसर, दिल्ली से जुड़ेंगे मेरठ के मुख्य बाजार
- स्टेशनों और ट्रेनों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रावधान
- जाम और प्रदूषण पर लगेगा अंकुश; लगभग एक लाख निजी वाहन सड़कों से होंगे कम
- सभी मेट्रो स्टेशनों और नमो भारत स्टेशनों पर पीने के पानी और वॉशरूम की निःशुल्क सुविधा

**रविवार 22 फरवरी, 2026 दोपहर 01:00 बजे**

**स्थानः रैली ग्राउंड, न्यू टाउनशिप योजना, मोहिउद्दीनपुर, मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्रीमती आनंदीबेन पटेल** – माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ** – माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**श्री मनोहर लाल** – माननीय केंद्रीय मंत्री, आवासन और शहरी कार्य और विद्युत

**श्री वी के सक्सेना** – माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली

**श्रीमती रेखा गुप्ता** – माननीया मुख्यमंत्री, दिल्ली

**श्री तोखन साहू** – माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, आवासन और शहरी कार्य

**श्री हर्ष मल्होत्रा** – माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग

**श्री अरुण गोविल** – माननीय सांसद, लोकसभा

**श्री लक्ष्मीकांत बाजपेयी** – माननीय सांसद, राज्य सभा

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव




DD NEWS
डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें

CBC 44101/13/0012/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP13 User: cci Time: 02-21-2026 23:19 Color:



# सुर, सम्मान, सितारों से सजी NBT उत्सव की शानदार शाम

## NBT मुंबई की 75 सालों की बेमिसाल यात्रा का बेमिसाल जश्न

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**नवभारत टाइम्स**, मुंबई ने अपनी 75 सालों की बेमिसाल यात्रा में बदलती दुनिया को करीब से देखा है। यह पड़ाव तमाम घटनाक्रमों का साक्षी बनकर यहां तक पहुंचा है। अपनी विश्वसनीयता, निष्पक्षता और रचनात्मकता के बल पर NBT साढ़े 7 दशकों से पाठकों का लोकप्रिय अखबार बना हुआ है। अपनी डायमंड जुबली को NBT ने शुक्रवार को उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर 'NBT नवरत्न अवॉर्ड' से समाज की 9 दिग्गज शख्सियतों और संस्थानों को मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिनेत्री नेहा धूपिया ने बखूबी किया।

75वीं वर्षगांठ पर नवरत्न अवॉर्ड दिए जाने की फडणवीस ने सराहना की। उन्होंने कहा कि वैसे तो सभी सम्मानित होने वाली हस्तियां अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य कर रही हैं, लेकिन NBT ने नवरत्नों के रूप में जिन हस्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया, वह वाकई स्वयं सम्मानित होने जैसा है।


सनी देओल और CM फडणवीस


प्रसून जोशी

### इन नवरत्नों का हुआ सम्मान

**जाने-माने** उद्योगपति हर्ष गोयनका को थॉट लीडरशिप एंड पब्लिक इन्फ्लुएंस एनबीटी नवरत्न अवॉर्ड, नादिर बी. गोदरेज को इंडस्ट्रियल एंड इकॉनमिक लीडरशिप नवरत्न अवॉर्ड, गीतकार जावेद अख्तर को लिटरेरी एंड सिनेमैटिक लेजेंड नवरत्न अवॉर्ड, फिल्म अभिनेता सनी देओल को आइकन ऑफ इंडियन सिनेमा नवरत्न अवॉर्ड, ख्यात वैज्ञानिक पद्म विभूषण प्रो. एम. एम. शर्मा को पायनियर इन साइंस एंड इंजिनियरिंग नवरत्न अवॉर्ड, NSE के लिए MD-CEO आशीष कुमार चौहान को आर्किटेक्ट ऑफ मॉडर्न कैपिटल मार्केट्स नवरत्न अवॉर्ड, पूर्व क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर को स्पोर्टिंग एक्सिलेंस एंड लिगेसी नवरत्न अवॉर्ड, कवि-गीतकार प्रसून जोशी को एक्सिलेंस इन लिटरेचर, क्रिएटिविटी एंड सोशल इम्पैक्ट नवरत्न अवॉर्ड और टाटा मेमोरियल सेंटर के लिए डॉ. निदेशक सुदीप गुप्ता को इंस्टिट्यूशन ऑफ नैशनल सर्विस नवरत्न अवॉर्ड से सीएम ने नवाजा।

### प्रिंट आज भी सबसे विश्वसनीय: फडणवीस

**महाराष्ट्र** के सीएम फडणवीस ने इस अवसर पर कहा कि NBT हमेशा से विश्वसनीयता के मामले में अव्वल रहा है। प्रिंट मीडिया में डिजिटल या सोशल मीडिया की तरह डिलीट का ऑप्शन नहीं होता है। इसलिए जो भी प्रिंट में लिखा जाता है सोच-समझकर लिखा जाता है। यह आज भी सबसे विश्वसनीय समाचार माध्यम है। NBT 75 वर्षों से अपनी इस प्रतिबद्धता को निभा रहा है। आज जबकि हम हर रोज निगेटिव घटनाएं देख रहे हैं, कुछ पॉजिटिव खबरें भी होनी चाहिए, जिन्हें पढ़कर दिल को सुकून मिले। इस पहल को NBT ने शुरू किया है, मैं इसकी सराहना करता हूं।

### इनका भी सम्मान

**सुप्रसिद्ध फिल्मकार** रमेश सिप्पी को इस अवसर पर लेजेंडरी फिल्ममेकर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। उसके अलावा शिल्पा शेट्टी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, पंकज त्रिपाठी, को भी सम्मानित किया गया।

## कश्मीर में सड़क किनारे रखा गया आईईडी नष्ट

■ **भाषा, श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को सड़क किनारे लगाए गए एक आईईडी का पता लगाकर उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, आईईडी एक बैग में रखकर सफापोरा इलाके की कोहिस्तान कॉलोनी स्थित गुलाब शेख मोहल्ले के पास रखा गया था। संदिग्ध वस्तु दिखने पर सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके को घेर लिया और एहतियातन यातायात रोक दिया। बाद में बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया, जिसने सावधानीपूर्वक जांच के बाद विस्फोटक को निष्क्रिय कर दिया।

**समय रहते कार्रवाई होने से कोई जनहानि नहीं हुई**

## दुनिया के दबाव में झुकेगा नहीं ईरान: राष्ट्रपति मसूद

■ **आईएएनएस, तेहरान:** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने शनिवार को कहा कि उनका देश अमेरिका के साथ न्यूक्लियर बातचीत के बीच दुनिया की ताकतों के दबाव के आगे सिर नहीं झुकाएगा। पेजेशकियान ने कहा, दुनिया की ताकतें हमें सिर झुकाने के लिए मजबूर करने के लिए लाइन में खड़ी हैं... लेकिन वे हमारे लिए जो भी दिक्कतें खड़ी कर रहे हैं, हम सिर नहीं झुकाएंगे। यह टिप्पणी तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि वह ईरान पर लिमिटेड स्ट्राइक करने पर विचार कर रहे हैं।

**राष्ट्रपति ट्रंप की चेतावनी के बाद दिया गया बयान**

**ARMY COLLEGE OF MEDICAL SCIENCES (ACMS) DELHI CANTT**
NEAR BASE HOSPITAL, DELHI CANTT-110010
(Tele: 011-25687644; Email: acms@awesindia.edu.in)

**RECRUITMENT OF ACADEMIC SUPPORT AND ADMINISTRATIVE STAFF**

1. Applications are invited for the post of Administrative Supervisor, Upper Division Clerk (UDC), Account Clerk and Dissection Hall Attendant (DHA) on term based contract.
2. Eligibility - Detailed Vacancy Notice at College Website: www.theacms.in
3. Last date for receipt of application: **15 Mar 2026.**

RCB
**क्षेत्रीय जैवप्रौद्योगिकी केन्द्र**
राष्ट्रीय महत्व की संस्था
जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा यूनेस्को के तत्वावधान में स्थापित
फरीदाबाद–गुड़गांव एक्सप्रेसवे, फरीदाबाद–121001

**Expressions of Interest (EoI)**

आरसीबी ऑन–कैंपस क्रेच / डे केयर सुविधा स्थापित करने और संचालित करने के लिए अनुभवी, योग्य और प्रतिष्ठित एजेंसियों / संगठनों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।
RCB invites Expressions of Interest (EoI) from experienced, qualified, and reputed agencies/organizations to establish and operate an on-campus Crèche/Day Care Facility.
अधिक जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट देखें: https://rcb.res.in/tender
पूछताछ के लिए ईमेल करें : daycare@rcb.res.in
ऑनलाइन मोड https://dbt.ewizard.in के माध्यम से ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 04 मार्च, 2026, सायं 5:00 बजे तक है।






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-21-2026 20:48 Color:

Prateek Group
Creating Landmarks, Setting Benchmarks

PRATEEK
Grand Begonia (PH-I)
PREMIUM RESIDENCES
Siddharth Vihar, NH-24, Ghaziabad

Follow the Butterfly
TO A PLACE
Where life blooms

# 40:30:30
## (SPECIAL PAYMENT PLAN)




| 2 BHK ELITE RESIDENCES | 2 BHK + STUDY DELUXE RESIDENCES | 3 BHK DELUXE RESIDENCES | 3 BHK PREMIUM RESIDENCES | 3 BHK + STUDY LUXURY RESIDENCES |
|---|---|---|---|---|
| ₹1.30 cr* | ₹1.54 cr* | ₹1.80 cr* | ₹2.18 cr* | ₹2.64 cr* |

*T&C Apply

Grand Colonial Architecture | Lush Gardens | Timeless Elegance

25mins. DRIVE FROM SOUTH DELHI COMMERCIAL HUB | 20mins. DRIVE FROM INDIA GATE | 10mins. DRIVE FROM AKSHARDHAM | Green Initiative EV CHARGING POINT WITH EVERY PARKING



Upcoming School by Prateek Group

SALES GALLERY

Follow us on

8578-8578-22
www.prateekgroup.com

SIDDHARTH VIHAR, NH-24, GHAZIABAD
Corp.Office: Prateek PRO-MENAGE A-42, Sector - 67, Noida 201301
RERA No: UPRERAPRJ790651 | https://up-rera.in/projects
M/S PRIPL PRATEEK GRAND BEGONIA PH I COLLAC-50200097612826.
Land has been allotted by UP AVP in installments. Last date of installment is 31st DEC 2031.
Home Loan Available From All Leading Banks


CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP5 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-21-2026 20:48 Color:

Bigship™ | AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA

सर्वजन हिताय | सर्वजन सुखाय
WELFARE FOR ALL | HAPPINESS OF ALL

# REVOLUTIONARY MOMENT FOR INDIA

Thank You Hon'ble Prime Minister **Shri Narendra Modi Ji** and Hon'ble Union Minister for the Ministry of Electronics and Information Technology **Shri Ashwini Vaishnaw Ji** for organizing the India AI Impact Summit 2026.



## A First of Its Kind Global AI Summit Hosted by a Developing Nation

This landmark initiative strengthens the future of Indian logistics through intelligent systems, automation, and smart analytics.

- Faster AI adoption in supply chain and daily operations
- Better route planning for faster and reliable deliveries at scale
- Data-driven forecasting for efficient inventory planning
- Lower logistics costs through automation & predictive analytics






**Ankit Jain**
Founder, Bigship

On behalf of 90,000+ sellers who ship with us, we extend our sincere gratitude for this futuristic initiative that will transform the way Indian businesses innovate, grow and evolve in the AI-driven global economy.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-02-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP7 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-21-2026 20:48 Color:

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in